आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02 जुलाई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने गोरखपुर में गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का उद्घाटन और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, कहा–प्राचीन परंपराओं और मूल्यों का आधुनिक केंद्र है आयुष विश्वविद्यालय।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय, राष्ट्रीय खेल नीति दो हजार पचीस सहित अनुसंधान विकास और नवाचार की योजना को मिली मंजूरी।
- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवन ऐप की शुरूआत की, कहा–यात्रियों की सुरक्षा पर होना चाहिए रेल अधिकारियों का पूरा ध्यान।
- रुक रुक कर हो रही वर्षा से बढ़ने लगा नदियों का जलस्तर, प्रदेश भर में अनेक स्थानों पर अभी जारी रहेगी मानसूनी बारिश।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रदेश दौरे के दूसरे दिन कल गोरखपुर में गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि यह आयुष विश्वविद्यालय हमारी प्राचीन परंपराओं और मूल्यों का आधुनिक केंद्र है। यह संस्थान न केवल प्रदेश बल्कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाएगा।

***यह विश्वविद्यालय हमारी समृद्ध प्राचीन परम्पराओं का नवनिर्मित तथा प्रभावशाली आधुनिक केन्द्र है। इस विश्वविद्यालय का लोकार्पण करके मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। यह लोकार्पण उत्तर प्रदेश ही नही, अपितु पूरे देश मेडिकल एजुकेशन और चिकित्सा सेवा के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा।***

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत में योग और स्वास्थ्य को संरक्षित करने की परम्परा प्राचीन है। उन्होंने वर्ष दो हजार सैंतालिस तक देश को विकसित बनाने के लिए इस परम्परा को आगे बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया।

इस अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों तक भी आयुष चिकित्सा सुविधाएँ पहुँच सकेंगी। यह प्रक्रिया स्वास्थ्य के साथ–साथ किसान और ग्रामीण जीवन को भी समृद्ध बनाएगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य और संस्कृति के एक नए युग की शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयुष मंत्रालय अपनी परंपरागत पद्धति के अनुसार संपूर्ण आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है।

***हम आभारी है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी का दो हजार चौदह में प्रधानमंत्री बनने के साथ ही देश के अंदर आयुर्वेद, यूनानी, होमियोपैथ, योग एंड नेचुरोपैथी सिद्धा इन सबको मिलाकर के भारत की ये अलग– अलग और दुनिया की कुछ महत्वपूर्ण ट्रेडिशनल आरोग्यता की विधाओं को आयुष मंत्रालय के रूप में देश के अंदर एक मंच दिया।***

राष्ट्रपति ने प्रदेश में कल से शुरू होकर सात जुलाई तक चलने वाले प्रदेशव्यापी वन महोत्सव की भी गोरखपुर से शुरूआत की। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयुष विश्वविद्यालय में रुद्राक्ष का पौधा लगाया।

इसके बाद राष्ट्रपति ने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह और पंचकर्म सेंटर का लोकार्पण किया। साथ ही महिला छात्रावास का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि प्रदेश का सम्पूर्ण विकास, देश के विकास को भी गति देगा।

***जो उत्तर प्रदेश का पूर्वांचल और अधिक स्वस्थ और सुरक्षित होगा तो पूरा उत्तर प्रदेश और तेजी से समग्र प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ेगा। जब देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ेगा तो पूरा भारत प्रगति की नई प्रतिमा स्थापित करेगा।***

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह विश्वविद्यालय ना सिर्फ अध्ययन के केंद्र के रूप में बल्कि शोध के काम को आगे बढ़ाने में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

इससे पहले सड़क मार्ग से आयोजन स्थलों तक जाते हुए राष्ट्रपति ने गोरखपुर में कुछ स्थानों पर गाड़ी से उतर कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने छोटे बच्चों से मुलाकात भी की। कल भी जिले में कई स्थानों पर राष्ट्रपति के काफिले का लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। केंद्रीय कैबिनेट ने विनिर्माण पर विशेष ध्यान देते हुए सभी क्षेत्रों में रोजगार पैदा करने और सामाजिक सुरक्षा के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को

मंजूरी दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पहली बार नौकरी पर आए कर्मचारियों को एक महीने के वेतन के बराबर अधिकतम पंद्रह हजार रुपये तक की सब्सिडी मिलेगी।

***फर्स्ट टाइमर्स के लिए एक महीने की सैलरी के बराबर सब्सिडी अप टू आ लिमिट ऑफ मैक्सिमम फिफ्टीन थाउजेंड रुपीस ये दी जाएगी जो की दो इंस्टॉलमेंट में होगी छह महीने और बारह महीने के बाद में दी जाएगी। इससे एम्प्लॉयर्स को कंपनीज को दे विलबी एनकरेज टू हायर दी फर्स्ट टाइम। दूसरा इसका पार्ट है जो सस्टेंड एम्प्लॉयमेंट देते है दो साल के लिए एवरी मंथ थ्री थाउजेंड रुपीस पर मंथ पर एम्प्लॉयी। यह एक सपोर्ट मिलेगा और जो मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्रीज है उसमें यही सपोर्ट चार साल के लिए मिलेगा।***

सूचना और प्रसारण मंत्री श्री वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट बैठक में राष्ट्रीय खेल नीति–दो हजार पचीस को भी मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि इस नीति का लक्ष्य भारत को खेल के क्षेत्र में दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शामिल करना है।

इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रुपये की निधि के साथ अनुसंधान विकास और नवाचार योजना को भी मंजूरी दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि नई खेल नीति खेलों के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल है।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल रेलवन ऐप का शुभारंभ किया। यह सभी रेल यात्री सेवाओं के लिए वन–स्टॉप समाधान है। नई दिल्ली में सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम के स्थापना दिवस पर उन्होंने बताया कि रेलवन ऐप के माध्यम से यात्री अनारक्षित टिकट भी बुक कर सकते हैं। रेलवन ऐप को एंड्रॉयड प्ले और आईओएस ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस अवसर पर रेलमंत्री ने कहा कि रेल अधिकारियों का पूरा ध्यान यात्रियों की सुरक्षा पर होना चाहिए।

(बाइट–रेलमंत्री)6

***हमारा सारा फोकस कस्टमर की सेफ्टी पर पैसेंजर की सेफ्टी पर रहना चाहिए। सेफ्टी फस्ट कोई भी इंसीडेंस हो उसके रूट कॉज में जाना चाहिए। एकाउन्टीबिलिटी फिक्स होनी चाहिए। रूट कॉज को सॉल्व करके भविष्य में ऐसी प्रॉब्लम ना आए, वह हमें सोचना चाहिए। हमें अपने जितने भी इक्यूपमेंट यूज करते हैं, कई गुने बेहतर करने की कोशिश करनी चाहिए। क्वालिटी बहुत इंपॉर्टेंट है। बैटर क्वालिटी आने से रिलायबिलिटी बढेगी, रिलायबिलिटी बढ़ने से सेफ्टी बढ़ेगी। ऑपरेशंस सहज होंगे।***

**********

पूरे प्रदेश में एक माह तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की कल से शुरूआत हो गई। उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने कल लखनऊ में इस अभियान के साथ साथ ग्यारह जुलाई से शुरू हो रहे दस्तक अभियान का भी उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि एक माह तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत विभिन्न विभाग आपसी समन्वय से संचारी रोगों की रोकथाम की गतिविधियों का आयोजन करेंगे। कल विभिन्न जिलों में इस मौके पर जनजागरूता रैलियों और प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। गोरखपुर जिले में जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ संजय कुमार और सीएमओ डॉ राजेश झा ने लोगों को संचारी रोगों से बचाव में योगदान देने के लिए शपथ दिलाई।

**********

कल से शुरू होकर एक सप्ताह तक चलने वाले वन महोत्सव के दौरान पूरे प्रदेश में करीब पैंतीस करोड़ पौधे लगाए जाने हैं। यह जानकारी पर्यावरण और वन राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने लखनऊ स्थित कुकरैल में वन महोत्सव के दौरान पौधारोपण करते हुए दी। इस अवसर पर उन्होंने ओपन जिम और योगा मेडिटेशन सेंटर की भी शुरूआत की। डॉ सक्सेना ने बताया कि पूरे प्रदेश में सत्ताईस विभागों के सहयोग से पौधारोपण किया जाएगा।

**********

प्रदेश में रुक रुक कर हो रही मानसूनी बारिश से कई नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। वाराणसी जिले में गंगा नदी का जलस्तर करीब तीन मीटर बढ़ गया है। इसे देखते हुए घाट के किनारे बसे लोग सतर्क हो गए हैं। बदायूं में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर है, जबकि लखीमपुर खीरी में शारदा नदी खतरे के निशान पर बह रही है। इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी जिलों में सात जुलाई तक, जबकि पूर्वी जिलों में पांच जुलाई तक अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और वर्षा होने की संभावना जताई है।

**********